Publication	Page No	Date
Naya India (Delhi)	11	07 December’11

यूरोपीय दिग्गजों को भारतीय महिला की चुनौती

डीएलएफ गोल्फ टूर्नामेंट में दिग्गज यूरोपीय खिलाड़ियों के सामने भारत की कई महिला खिलाड़ी

गुडगांव ■ एजेंसियां/डेस्क

भारत की शीर्ष महिला गोल्फर गुरुवार से यहां डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब में शुरू हो रहे तीन लाख डालर के पांचवे हीरों महिला इंडियन ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में दिग्गज यूरोपीय खिलाड़ियों को चुनौती देने के लिए तैयार है। गत चैम्पियन और महान महिला गोल्फरों में शुमार सात बार की यूरोपियन आर्डर आफ मेरिट विजेता लौरा डेविस, कमाई सूची में चार बार की विजेता स्वीडन की सोफी गुस्ताफसन, नई सनसनी कैरोलीन हैडवेल और अमेरिका की क्रिस्टीना किम इस बार खिताब की प्रबल दावेदार मानी जा रही है। वर्ष 2008 और 2009 में इंडियन ओपन जीत चुकी थाईलेंड की फटलुम पोर्नानोग इस बार फिर टूर्नामेंट में लौट रही हैं और खिताब के लिए अपनी दावेदारी पेश करेगी। भारतीय चुनौती का दारोमदार घरेलू महिला प्रोफेशनल गोल्फ टूर में शीर्ष पर चल रही शर्मिला निकोलेट, अनुभवी स्मृति मेहरा, नलिनी सिंह सिवाच, नेहा त्रिपाठी और सानिया शर्मा पर रहेगा। टूर्नामेंट में कुल 108 खिलाड़ी हिस्सा लेगी और विजेता को 33750 डालर की पुरस्कार राशि मिलेगी। भारतीय महिला गोल्फ मे वेटरन मानी जाने वाली स्मृति मेहरा ने मंगलवार यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि वह अपने टखने की चोट से उबर चुकी है और कड़ी मेहनत के बाद इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में उतरने के लिए तैयार है। अपनी प्रतिभा के साथ-साथ अपने ग्लैमर के लिए सबसे आकर्षण का केंद्र बनी शर्मिला ने कहा कि उनका यूरोप का अनुभव यहां काम आएगा। उन्होंने कहा कि मैने स्लोवाकिया और फिनलेंड में टूर्नामेंट खेलकर काफी कुछ सीखा है। हालांकि मेरे लिए यह मुश्किल वर्ष रहा है, लेकिन डीएलएफ कोर्स मेरा पसंदीदा कोर्स है और मुझे एक अच्छे सप्ताह का इंतजार है। महिला टूर में अच्छा प्रदर्शन कर रही नलिनी ने कहा कि वह अपने नए आत्मविश्वास को इस टूर्नामेंट में भी ले जाएंगी। उन्होंने कहा कि इस टूर्नामेंट के लिए मेरी कोई योजना नहीं है। मैं केवल कोर्स पर उतरकर अपना अच्छा प्रदर्शन करने की कोशिश करूंगी।